नर सेवा नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

**खून में वृद्धि,**
**लाए जीवन में समृद्धि !**

एनीमिया की रोकथाम,
नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम



# तिमाही वृत्तांत

## अक्टूबर - दिसम्बर 2023

# अंक विशेष

## संपादक की कलम से:

उपलब्धियों, नवीन पहलों, सफलताओं और समारोहों एवं उत्सवों की मिश्रित प्रसंगों वाली रही यह तिमाही।

तिमाही की शुरुआत यूजेवीएन लिमिटेड के सौजन्य से व सोसाइटी द्वारा कार्यान्वित होने वाले एनीमिया रोकथाम, नियंत्रण और उपचार कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ हुई। 9 अक्टूबर को धर्मावाला चिकित्सालय में आयोजित उद्घाटन समारोह में यूजेवीएन लिमिटेड के एमडी श्री संदीप सिंघल सहित यूजेवीएन लिमिटेड के शीर्ष अधिकारियों की उपस्थिति सोसाइटी के लिए उत्साहपूर्ण अनुभूति थी। विदित हो कि सोसाइटी ने इस कार्यक्रम को एक पायलट प्रोजेक्ट कि तरह चलाया था जो कि अत्यंत सफल रहा था।

उत्तराखण्ड के चार धाम स्थित हमारे चिकित्सालय इस तिमाही में धाम के कपाट बंद होने के साथ अगले वर्ष तक के लिए बंद हो गए। इस वर्ष भी इन चिकित्सालयों में लगभग 1.6 लाख तीर्थयात्रियों कि स्वास्थ्य सेवा करने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ जो कि अपने आप में पुनः एक नया कीर्तिमान है। हमारे बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय को भारत कि माननीय राष्ट्रपति आदरणीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के श्री बद्रीनाथ धाम के प्रवास के समय भी किसी भी प्रकार कि आकस्मिता के दृष्टिगत, एक अधिकृत चिकित्सालय (सेफ हाउस) कि तरह सज्ज रखा गया था जो हमारे लिए एक ऐतिहासिक व अनूठी उपलब्धि रही।

इसी क्रम में रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा उनके चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मुकेश अंबानी के श्री केदारनाथ धाम और श्री बद्रीनाथ धाम प्रवास के समय भी सोसाइटी को उनके धाम चिकित्सालयों को किसी भी तरह कि मेडिकल इमरजेंसी इत्यादि के लिए सज्ज रहने के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज द्वारा अनुरोध किया गया था।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के आयुर्वेद संकाय के पूर्व डीन व क्षारसूत्र चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ पद्मश्री प्रोफ़ेसर डॉ मनोरंजन साहू का धर्मावाला चिकित्सालय में आयुर्वेद शिविर में अपना योगदान देना सोसाइटी के लिए एक अभूतपूर्व अनुभूति थी।

अन्य उल्लेखनीय घटनाओं में सोसाइटी ने बड़कोट चिकित्सालय में फिजियोथेरेपी कि सुविधा की शुरुआत कर एक और महत्वपूर्ण सेवा दूरस्थ क्षेत्र में उपलब्ध करा दी। इसके साथ ही इस तिमाही में सोसाइटी द्वारा पीपलकोटी चिकित्सालय के उन्नयन कर 50 शैय्याओं वाले एक उच्चीकृत चिकित्सालय बनाने के प्रयासों में कदम बढ़ाते हुए सोसाइटी ने वर्तमान चिकित्सालय के निकट ही भूमि ले ली है। इसी प्रकार, सेठ मानसिंगका ट्रस्ट के सहयोग से श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय के भी उन्नयन की प्रक्रिया चल रही है। एक अन्य उपलब्धि थी धर्मावाला चिकित्सालय के दन्त चिकित्सा विभाग में सॉफ्ट टिशू लेजर मशीन का लोकार्पण।

नवंबर महीने में डॉ. शेखर वाई भोजराज के नेतृत्व में द स्पाइन फाउंडेशन मुंबई की विशिष्ट टीम स्पाइन सर्जरी शिविर के लिए धर्मावाला चिकित्सालय पहुंची और कई जटिल ऑपरेशनों को सफलतापूर्वक निष्पादित किया। इस शिविर में होप फाउंडेशन, देहरादून का भी सहयोग प्राप्त हुआ। इसी प्रकार से इस तिमाही में भी धर्मावाला चिकित्सालय में पाक्षिक रूप से आयोजित होने वाले नियमित यूरोलॉजी शिविर का भी सफलतापूर्वक आयोजन किया गया व इनमें से एक में Lap Ureteric Re-implantation नाम कि एक अत्यंत जटिल, महंगी व उन्नत सर्जरी पूर्णतः निःशुल्क संपन्न की गयी।

सोसाइटी के चिकित्सालयों में इस तिमाही के सभी त्यौहार पारंपरिक रीतियों व पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनाये गए और दीपावली के पावन अवसर पर सभी सोसाइटी जनों को उपहार भी भेंट किये गए।
आने वाली तिमाही और भी उपलब्धियों से परिपूर्ण हो इस आशा के साथ सोसाइटी अपने कर्म मार्ग पर सतत अग्रसर रहेगी।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।।

03 हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय
04-08 तिमाही विशेष
09-10 चार धाम चिकित्सालय आलेख
11 प्रवास विशेष
12 सर्जरी शिविर
13-15 मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर
16 सामुदायिक चिकित्सा शिविर
17 सामुदायिक कार्यक्रम
18 समारोहों की झलकियाँ
19 आंकड़े

संपादकीय और रूपांकन टोली
डॉ ताराश्री सिंघल
डॉ दीपक सिन्हा
श्रीमती स्वाति नायर
नितेश उनियाल

# हमारे धर्मार्थ चिकित्सालय



धर्मावाला, देहरादून
सितम्बर 2012




उत्तरकाशी, गंगोत्री मार्ग
दिसम्बर 2016



नारायणकोटी,श्री केदारनाथ मार्ग
मई 2017



बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग
सितम्बर 2017




पीपलकोटी, श्री बद्रीनाथ मार्ग
जनवरी 2018



श्री बद्रीनाथ धाम
मई 2019



पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग
जुलाई 2019



श्री केदारनाथ धाम,
सितम्बर 2019



ज्वालापुर, हरिद्वार
जनवरी 2021



गंगोत्री धाम
सितम्बर 2021



साधना केंद्र, डुमेट
देहरादून, दिसम्बर 2021



करोल बाग, दिल्ली
अगस्त 2022

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी का गठन सन् २०१२ में कुछ युवा चिकित्सकों एवं सेवाभावी लोगो के द्वारा मानव सेवा हेतु किया गया था और जिनका लक्ष्य दुर्गम, पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना है।

सोसाइटी ने चार धाम में और उनके मार्गों में, चार धाम यात्रा पर वाले तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सुविधा देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम व गंगोत्री धाम में ICU युक्त चिकित्सालयों का संचालन कर रही है, जिनमें लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स रे, फार्मेसी इत्यादि समस्त सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। विदित हो की यह चिकित्सालय 24 x 7 कार्यरत हैं और इनमे कार्यरत स्टाफ high altitude sickness व उससे सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं को उपचार करने के लिए प्रशिक्षित भी है।

सोसाइटी अपने धर्मार्थ चिकित्सालयों के अतिरिक्त अन्य परोपकारी कार्यों में भी योगदान कर रही है जिनमे प्रमुख है दुर्गम, पिछड़े व पहाड़ी क्षेत्रों में निःशुल्क सामुदायिक चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन। इनके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में हैं, शिक्षा अभियान, स्वावलंबन अभियान एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम। सोसाइटी द्वारा पांच सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे है; एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण और उपचार कार्यक्रम, स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम, मासिक धर्म स्वच्छता (My Pad: Menstrual Hygiene) कार्यक्रम, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मुंह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, जाँच व चिकित्सा कार्यक्रम।

सेवा पथ पर चलते हुए सोसाइटी आज कुल 12 धर्मार्थ चिकित्सालयों का संचालन कर रही है और अपने "नर सेवा नारायण सेवा" के ध्येय वाक्य को यथार्थ कर रही है।

# तिमाही विशेष

## UJVN Limited के सौजन्य से एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम का उद्घाटन



UJVN LIMITED के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संदीप सिंघल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन



श्री संदीप सिंघल द्वारा संबोधन

- 9 अक्टूबर, धर्मावाला: SVHM सोसाइटी द्वारा कार्यान्वित किये जाने वाला यह कार्यक्रम उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लिमिटेड के सौजन्य से प्रारंभ हुआ है। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दिनांक 9 अक्टूबर को UJVN LIMITED के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संदीप सिंघल; डायरेक्टर ऑपरेशन श्री पुरुषोत्तम सिंह; जनरल मैनेजर श्री विवेक आत्रेय; मेडिकल डायरेक्टर धर्मावाला चिकित्सालय डॉ प्रमोद शर्मा एवं सचिव, स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी डॉ अनुज सिंघल के करकमलों द्वारा किया गया।

- जनजातीय बहुल ग्रामों में चलाये जाने वाले इस कार्यक्रम में लगभग 20000 लाभार्थियों तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम के तहत घर-घर भ्रमण कर 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चे एवं सभी आयु वर्ग की महिलाओं का निःशुल्क हिमोग्लोबिन टेस्ट कर एनीमिक पाए गए लाभार्थियों को 6 माह तक आयरन, विटामिन सी की दवाइयां निःशुल्क वितरित की जाएगी, साथ ही 6 माह में एक बार कृमिनाशक अल्बेंडाजोल दवा भी दी जाएगी। इसके साथ ही पोषाहार एवं स्वच्छता सम्बंधित परामर्श भी दिया जायेगा।

- उद्घाटन समारोह में चिन्हित 6 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर्स, वनवासी कल्याण आश्रम की संचालिकाएं, चिकित्सालय के डॉक्टर्स एवं स्टाफ ने भाग लिया।

- सभा को संबोधित करते हुए UJVN LIMITED के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संदीप सिंघल ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी और भविष्य में और ऐसे सहयोग की आशा व्यक्त की। उत्तराखण्ड रत्न से सुशोभित श्री संदीप सिंघल के बहुआयामी व्यक्तित्व के वर्णन के लिए एक पृष्ठ भी बहुत कम होगा और ऐसे जन की गरिमामयी उपस्थिति ने हमारे उत्साह को कई गुना अधिक कर दिया।

- कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद शर्मा ने सभी आये हुए अतिथियों का अभिनन्दन एवं आभार व्यक्त किया। चिकित्सालय के डॉक्टर्स द्वारा समस्त अतिथियों का स्वागत एवं सत्कार किया गया। चिकित्सालय की सीनियर सोनोलोजिस्ट एवं सोसाइटी की एग्जीक्यूटिव कमेटी सदस्या डॉ. ताराश्री सिंघल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।




डॉ. ताराश्री द्वारा धन्यवाद ज्ञापन

# तिमाही विशेष

## एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम का ग्राम स्तरीय उद्घाटन



16 अक्टूबर, ग्राम: तिपरपुर



17 अक्टूबर, ग्राम: शाहपुर

## एनीमिया कार्यक्रम के लाभार्थियों हेतु बाल रोग शिविर



बाल रोग विशेषज्ञ डॉ कीर्ति द्वारा बच्चों कि जांच



कार्यक्रम के लाभार्थी



परामर्श सत्र



लाभार्थी के खून की जाँच होती हुई

# तिमाही विशेष

## उत्तरकाशी चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड शिविर

कुल अल्ट्रासाउंड : 199





दीप प्रज्ज्वलन एवं शिविर की झलकियाँ

## पीपलकोटी चिकित्सालय में मासिक नि:शुल्क नेत्र रोग शिविर



नेत्र जाँच, पीपलकोटी



ऑपरेशन पश्चात देखभाल, हरिद्वार

- इन नि:शुल्क नेत्र रोग शिविरों में कुल 61 लाभार्थियों का परीक्षण किया गया जिसमे से 23 मोतियाबिंद के रोगी पाए गए व जिन्हें ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।
- इन सभी 23 रोगियों का ऑपरेशन सोसाइटी द्वारा संचालित हरिद्वार चिकित्सालय में दो चरणों में नि:शुल्क किया गया।
- उल्लेखनीय है कि इन सभी 23 रोगियों के ऑपरेशन के साथ साथ पीपलकोटी से हरिद्वार आने जाने एवं रुकने कि व्यवस्था भी पूर्णतः नि:शुल्क थी।

## पीपलकोटी एवं नारायणकोटी चिकित्सालयों में सर्जरी शिविरों का सफल आयोजन

कुल सर्जरी: 22



16 दिसम्बर, पीपलकोटी



17 दिसम्बर, नारायणकोटी

इन सर्जरी शिविरों में यथार्थ हॉस्पिटल नोएडा से डॉ हमीदी, डॉ कपिल त्यागी, व डॉ राहुल ने अपनी स्वैच्छिक सेवाएं देकर हमें अनुग्रहित किया।

# तिमाही विशेष

## दन्त चिकित्सा विभाग में सॉफ्ट टिशू लेजर मशीन का लोकार्पण



पूज्य स्वामी श्री प्रेम विवेकानन्द जी द्वारा लोकार्पण

- 27 अक्टूबर, धर्मावाला: साधना केंद्र आश्रम डुमेट के सौजन्य द्वारा उपलब्ध करायी गयी इस आधुनिक व नवीनतम दन्त चिकित्सा के उपकरण का विधिवत पूजन व उद्घाटन साधना केंद्र आश्रम डुमेट के पूज्य संत श्री प्रेम विवेकानन्द जी के करकमलों द्वारा किया गया।
- इस सॉफ्ट टिशू लेजर मशीन से कई दन्त चिकित्सा की प्रक्रियाओं में रक्तस्राव को कम करने में सहायता मिलेगी।
- पूज्य स्वामी जी ने सभी को यही आशीर्वाद दिया कि यदि हम प्रत्येक उपकरणों का सम्मान करेंगे तो ये भी हमारी सहायता करेगें एवं साथ देंगे इसलिए हमें हमेशा इनका सम्मान व आदर करना चाहिए।

## आगरा नगर समिति (अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम) के प्रमुख कार्यकर्ताओं की “वनयात्रा”

- 18 नवम्बर, धर्मावाला: समिति के प्रमुख कार्यकर्ताओं का एक 22 सदस्यीय शिष्ट मंडल अपने कार्यदर्शन के लिए “वनयात्रा” के अंतर्गत देहरादून स्थित धर्मावाला चिकित्सालय के प्रवास पर आया। इन कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए डॉ अनुज व डॉ ताराश्री ने सोसाइटी के द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी साझा करी।
- तत्पश्चात मंडल के सदस्यों ने धर्मावाला चिकित्सालय का भ्रमण कर सुविधाओं कि जानकारी ली। सभी अतिथि जनों ने सोसाइटी के द्वारा चलाये जा रहे प्रकल्पों कि भूरी भूरी प्रशंसा करी।
- रात्रि प्रवास के लिए यह मंडल बोक्सा जनजाति बहुल ग्राम झाड़ो वाला में अपने कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचा जहां पारंपरिक रीति रिवाज अनुसार इनका स्वागत सत्कार हुआ।



समिति के कार्यकर्ता

## “धर्मावाला चिकित्सालय के भगन्दर एवं गुदा रोग चिकित्सा शिविर में पद्मश्री प्रो. श्री मनोरंजन साहू जी का अमूल्य अवदान”




- 16, 17 दिसम्बर, धर्मावाला: चिकित्सालय में आयोजित हुए इस विशेष भगन्दर एवं गुदा रोग चिकित्सा शिविर में पद्मश्री प्रो. श्री मनोरंजन साहू कि उपस्थिति सोसाइटी के लिए एक अत्यंत गौरवमय क्षण थी। बीएचयू वाराणसी आयुर्वेद संकाय के पूर्व प्रमुख, शल्य चिकित्सा विभाग के पूर्व अध्यक्ष और क्षारसूत्र चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ प्रो. मनोरंजन साहू ने अपनी अमूल्य सेवाएं दी और हमें अनुग्रहित किया।
- इस शिविर में प्रख्यात गुदा रोग आयुर्वेद शल्य चिकित्सक डॉ विनोद गुप्ता जो गत 5 वर्षो से धर्मावाला चिकित्सालय में अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं का भी अमूल्य योगदान रहा।
- इस शिविर में भगन्दर, अर्श (बवासीर), परिकर्तिका (फिशर), महिलाओ में प्रसव उपरांत गुदा समस्या, गुदा कि संकीर्णता आदि जटिल ऑपरेशन किये गए।

# तिमाही विशेष

## "हिमालय संस्कृति सभ्यता और सनातनी समागम उत्सव में डॉ अनुज व डॉ ताराश्री का सम्मान"



- सोसाइटी फॉर मिशन 4G प्लस (गौ, गंगा, गाँव और गायत्री), भारतीय विकास एवं शिक्षण संस्थान और कलीराम फाउंडेशन कि ओर से देहरादून में हिमालय संस्कृति सभ्यता और सनातनी समागम उत्सव मेला आयोजित किया गया।
- कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गौ कथा वाचक संत गोपाल मणि जी के द्वारा सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल एवं धर्मावाला चिकित्सालय कि वरिष्ठ सोनोलोजिस्ट डॉ ताराश्री सिंघल को उनके द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में किये गए अमूल्य कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

## "बड़कोट चिकित्सालय में नेत्र रोग एवं फिजियोथेरिपी सुविधा का शुभारम्भ"



- सोसाइटी हमेशा से ही अपने चिकित्सालयों में सेवाओं के विस्तार के लिए सतत प्रयासरत रहती है और इसी के अंतर्गत सोसाइटी ने उसके यमुनोत्री धाम मार्ग स्थित बड़कोट चिकित्सालय में फिजियोथेरेपी एवं नेत्र रोग चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करा कर नए अध्याय को प्रारंभ कर दिया।
- फिजियोथेरेपी कि सुविधा प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह तथा नेत्र रोग चिकित्सा शिविर प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय गुरुवार को उपलब्ध रहेगी। इन दोनों सुविधाओं के शुरू होने से स्थानीय जनमानस को अत्यंत सुगमता हो गयी है उन्हें इसके लिए अब दूर नहीं जाना पड़ रहा है।



## "रोटरी क्लब द्वारा दिल्ली चिकित्सालय को मिली एम्बुलेंस"




रोटरी क्लब के सदस्य एम्बुलेंस कि चाभी सौंपते हुए

- 19 नवम्बर, दिल्ली: रोटरी क्लब दिल्ली शाखा द्वारा उनके धर्मार्थ सेवा कार्यों के अंतर्गत एक एम्बुलेंस सोसाइटी के दिल्ली के करोल बाग स्थित चिकित्सालय को प्राप्त हुई।
- इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री राजीव गुप्ता तथा अन्य रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित रहे व हमारे करोल बाग स्थित दिल्ली चिकित्सालय के प्रबंधक श्री राजीव पाठक को एम्बुलेंस कि चाभी सोंपी।



स्वास्थ्य शिविर

# चार धाम चिकित्सालय आलेख


8. प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, स्वामी विवेकानन्द चिकित्सालय, बद्रीनाथ को सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि मा0 राष्ट्रपति जी के उक्त भ्रमण के दौरान आकस्मिकता के दृष्टिगत अपने चिकित्सालय में एक सैफ हाउस तैयार करने तथा चिकित्सालय को एलर्ट मोड में रखने का कष्ट करें।





श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय

हमारे श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय को भारत कि माननीय राष्ट्रपति आदरणीया श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के श्री बद्रीनाथ धाम के प्रवास के समय किसी भी प्रकार कि आकस्मिता के दृष्टिगत, एक अधिकृत चिकित्सालय (सेफ हाउस) कि तरह सज्ज रखा गया था जो हमारे लिए एक ऐतिहासिक व अनूठी उपलब्धि रही।

## आंकड़े

| विषय | पंजीकरण | | इमरजेंसी | | एक्स रे | | लैब टेस्ट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| समय अवधि | इस तिमाही में देखे गये कुल रोगी | इस सम्पूर्ण यात्रा सीजन में देखे गये कुल रोगी | इस तिमाही की कुल इमरजेंसी | इस सम्पूर्ण यात्रा सीजन की कुल इमरजेंसी | इस तिमाही में किये गए कुल एक्स रे | इस सम्पूर्ण यात्रा सीजन में किये गए कुल एक्स रे | इस तिमाही में किये गए कुल लैब टेस्ट | इस सम्पूर्ण यात्रा सीजन में किये गए कुल लैब टेस्ट |
| श्री केदारनाथ धाम (15 नवम्बर तक) | 22,496 | 1,16,181 | 4,809 | 20,663 | 719 | 1,376 | 510 | 3,481 |
| श्री बद्रीनाथ धाम (9 नवम्बर तक) | 4,931 | 29,507 | 353 | 1,705 | 92 | 755 | 939 | 9,264 |
| गंगोत्री धाम (10 नवम्बर तक) | 2,178 | 15,031 | 276 | 2,098 | 87 | 281 | 311 | 1,621 |
| कुल | 29,605 | 1,60,719 | 5,438 | 24,466 | 898 | 2,412 | 1,760 | 14,366 |

## अन्य नि:शुल्क सेवाएं





हमारे पूर्णत: नि:शुल्क धाम चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त कुछ अन्य नि:शुल्क सेवाएं भी सम्मिलित हैं जिनमें है कम्बलों का वितरण, हीटर और अलाव की व्यवस्था, रेनकोट व चप्पलों का वितरण तथा गर्म चाय और बिस्कुट। इसी क्रम में 342 कम्बल एवं 286 जोड़ी चप्पल का वितरण किया गया।

# चार धाम चिकित्सालय आलेख

## कुछ कहानियाँ सफलता और अभिमान की



श्री केदारनाथ धाम

- श्री केदारनाथ धाम के दर्शन हेतु आये पुणे निवासी श्री संजय अपने पुत्र को साँस की तकलीफ सहित अन्य दिक्कतें लेकर चिंतित अवस्था में हमारे चिकित्सालय आये। उनके पुत्र को तुरंत उचित उपचार प्रदान कर तकलीफ दूर करी गयी।
- हमारे द्वारा दिए गए उपचार और स्नेहपूर्ण देखभाल से अभिभूत होकर संजय जी ने चिकित्सालय की बहुत प्रशंसा की, आभार व्यक्त किया और वे आश्चर्यचकित भी थे इतनी ऊंचाई पर ऐसी निःशुल्क सुविधा पा कर।

प्रतिक्रिया सुने

रोगी का अनुभव

https://youtu.be/UnmmoQgvvC8?si=kX-XhDtbjYxtsfvk



श्री केदारनाथ धाम

- कोलकाता निवासी मीना जी को चोटिल अवस्था में उनके साथी द्वारा श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय में लाया गया।
- उनकी चोटों का तन्मयतापूर्वक उपचार किया गया व गिरने के कारण हाथ की हड्डी भी टूट गयी थी जिसके लिए हड्डी रोग विशेषज्ञ से परामर्श कर Plaster Slab लगाया गया और दशा में सुधार होने के पश्चात छुट्टी दी गयी। अपनी व्यथा सुनाते हुए मीना जी अत्यंत भावुक हो गयीं और चिकित्सालय द्वारा प्रदान किए सेवाओं की प्रशंसा करते हुए रो पड़ीं।

https://youtu.be/5G2WAMEeh88

प्रतिक्रिया सुने

रोगी का अनुभव



श्री केदारनाथ धाम

- कोयम्बटूर निवासी श्री प्रकाश दर्शन को आते समय बर्फ पर फिसलने के कारण चोटिल हो गए और हमारे चिकित्सालय पहुंचे।
- जांच पर उनके बाएं हाथ में फ्रैक्चर निकला जिसका हड्डी रोग विशेषज्ञ से परामर्श कर Plaster Slab लगाया गया। चिकित्सालय द्वारा प्रदान किए गए उपचार और सेवा से अभिभूत होकर, उन्होंने चिकित्सालय की भरपूर प्रशंसा की।

प्रतिक्रिया सुने

रोगी का अनुभव

https://youtu.be/qcju9q0CEeY?si=_rMyh3j6BdXjyZnV



गंगोत्री धाम

- 72 वर्षीय सूरत निवासी श्री बाबू सिंह को अत्यंत ठन्डे वातावरण के कारण अचानक स्वास्थ्य समस्या हो गयी और उन्हें उनके पुत्र द्वारा हमारे चिकित्सालय लाया गया।
- चारधाम यात्रा पूर्ण करने की आस छोड़ चुके इस श्रद्धालु का स्टाफ द्वारा तन्मयतापूर्वक उपचार किया गया और उनकी दशा में पूरा सुधार हो गया व साथ ही वह अपनी तीर्थयात्रा की लिए पूर्णतः सज्ज हो गए और चिकित्सालय द्वारा दिए गए उपचार की बहुत प्रशंसा करी।

प्रतिक्रिया सुने

https://youtu.be/HxzQ67Zx9Sk

रोगी का अनुभव

# प्रवास विशेष



2 अक्टूबर, पीपलकोटी: श्री गोविंद महन्त जी, अखिल भारतीय सगठन मंत्री विद्या भारती, श्री भुवन जी, प्रांतीय संगठन मंत्री विद्या भारती, श्री विनोद जी सह प्रदेश निरीक्षक उत्तराखण्ड और श्री मुरलीधर चन्दोला जी संभाग निरीक्षक चमोली ने चिकिसालय कि सुविधाओं कि जानकारी ली व प्रशंसा करी।



3 अक्टूबर, श्री बद्रीनाथ धाम: श्री ए गोपाल कृष्ण जी
(अखिल भारतीय संयोजक, सीमा जागरण मंच )



10 अक्टूबर, धर्मावाला: पूज्य श्री अतुल भारद्वाज जी
(राम कथा वाचक)



12 अक्टूबर, श्री बद्रीनाथ धाम एवं 13 अक्टूबर, पीपलकोटी:
श्री दिनेश सेमवाल जी (प्रान्त कार्यवाह, उत्तराखण्ड राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ)



19 दिसम्बर, पेटशाल: श्री नरेन्द्र जी
(सह प्रान्त बौद्धिक प्रमुख, उत्तराखण्ड राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ)

# स्पाइन सर्जरी कैंप

## “द स्पाइन फाउंडेशन (मुंबई) एवं होप फाउंडेशन (देहरादून) के सहयोग से स्पाइन सर्जरी कैंप”



दीप प्रज्ज्वलन द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन



डॉ. शेखर. वाई. भोजराज जी का अभिवादन करते हुए डॉ वी वी प्रसाद



होप फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ सतीश अग्रवाल द्वारा संबोधन

**18 नवम्बर, धर्मावाला:** द स्पाइन फाउंडेशन (मुंबई) एवं होप फाउंडेशन (देहरादून) के सहयोग से एक स्पाइन सर्जरी कैंप का सफल आयोजन किया गया। कैंप में कुल 7 जटिल स्पाइन सर्जरी द स्पाइन फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं सीनियर स्पाइन सर्जन डॉ. शेखर. वाई. भोजराज व उनकी टीम के द्वारा संपन्न हुई। इस शिविर में होप फाउंडेशन देहरादून के द्वारा भी सहयोग दिया गया।



- शिविर में निष्पादित हुई कुल 7 सर्जरी में से एक कूब (रीढ़ की हड्डी) की विकृति (Scoliosis) वाली सर्जरी भी की गयी जो की उत्तराखण्ड में अपने प्रकार की पहली सर्जरी थी।
- इस सर्जरी के लिए एक विशेष प्रकार के न्यूरोमोनिटरिंग इक्विपमेंट (उपकरण) का प्रयोग किया गया जिसे बाहर से विशेषकर इसी के लिए मंगाया गया था। सामान्यत: इस प्रकार कि सर्जरी का व्यय 10 से 15 लाख रूपए आता है, जो हमारे चिकित्सालय में होप फाउंडेशन (देहरादून) के सौजन्य से नि:शुल्क किया गया।



## पाक्षिक यूरोलोजी शिविर





**धर्मावाला:** इस तिमाही में यूरोलोजिस्ट की टीम द्वारा कुल 51 यूरो सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गयी। दूरबीन विधि द्वारा एक खराब गुर्दे को निकाला गया और साथ ही हुई एक अन्य जटिल सर्जरी में कटे हुए यूरेटर (पेशाब को गुर्दे से पेशाब कि थैली तक ले जानी वाली नली) को पेशाब की थैली से जोड़ा गया, जिसको Lap Ureteric Re-implantation Surgery कहते हैं। केवल बड़े आधुनिक चिकित्सालयों में ही कि जाने वाली अत्यधिक जटिल एवं बहुत महंगी सर्जरी हमारे चिकित्सालय में नि:शुल्क कि गयी।

# अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण

## मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर
## (धर्मावाला एवं हरिद्वार)

**प्लास्टिक सर्जन**
- डॉ स्वरूप सिंह गंभीर

**ओंकोलॉजिस्ट**
- डॉ अंशिका अरोड़ा

**यूरोलॉजिस्ट**
- डॉ प्रशांत जैन
- डॉ प्रशांत लवानिया
- डॉ विकास बंसल
- डॉ देवप्रिय मित्रा
- डॉ अरविंद तिवारी
- डॉ आशुतोष कुमार
- डॉ कुंवर विशाल सिंह

**गुर्दा रोग विशेषज्ञ**
- डॉ अनिल भट्ट

**न्यूरोसर्जन**
- डॉ आदित्य वार्ष्णेय
- डॉ शरद पाण्डे
- डॉ गौरव धाकरे
- डॉ तरुनेश शर्मा

**स्पाइन सर्जन**
- डॉ शेखर वाई. भोजराज
- डॉ तरुष रस्तोगी
- डॉ तौसिफ अहमद शिकलगर
- डॉ राहुल अवस्थी
- डॉ शशि भूषण

**ऑर्थोपेडिक सर्जन**
- डॉ ए के जैन
- डॉ सर्वेश पाण्डे
- डॉ नवीन अग्रोही

**जनरल फिजिशियन**
- डॉ एस के बक्शी
- डॉ अशोक शर्मा
- डॉ हरीश रेड्डी

**न्यूरोलॉजिस्ट**
- डॉ मुकेश कुमार झा

**डेंटिस्ट**
- डॉ मनीष कुमार
- डॉ उषा बिष्ट
- डॉ प्रमलप्रीत कौर

**त्वचा रोग विशेषज्ञ**
- डॉ राहुल अहार

**ई.एन.टी. सर्जन**
- डॉ एस पी सिंह

**मनोचिकित्सक**
- डॉ तानिया गर्ग

**आयुर्वेदिक फिजिशियन**
- डॉ अशोक कुमार शर्मा

**धर्मावाला**

5 शिविर | 2279 लाभार्थी | 51 सर्जरी (यूरो)

**हरिद्वार**

8 शिविर | 1165 लाभार्थी | 3 सर्जरी





# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर (उत्तरकाशी)

शिविर: 5
लाभार्थी: 368



डॉ आदित्य कोठा,
गुर्दा रोग विशेषज्ञ, कानपुर



डॉ सी. पी. एस. चौहान,
रेडियोलॉजिस्ट, दिल्ली



डॉ किरण रावत,
फिजियोथेरेपिस्ट, ऋषिकेश



डॉ अनिल भट्ट,
गुर्दा रोग विशेषज्ञ, नोएडा



डॉ दीपक कुमार जैन,
हृदय रोग विशेषज्ञ, नोएडा



डॉ शिप्रा प्रजापति,
गुर्दा रोग विशेषज्ञ, दिल्ली



डॉ नकुल उपाध्याय,
त्वचा रोग विशेषज्ञ, बुलंदशहर



डॉ कृष्ण देव शाक्य,
जनरल फिजिशियन, दिल्ली



डॉ अभिजीत सिंह,
ऑर्थोपेडिक सर्जन, गाजियाबाद



डॉ वन्दना,
ई.एन.टी. सर्जन, गाजियाबाद

# मल्टी डिसिप्लिनरी शिविर (दिल्ली)

**शिविर: 19**
**लाभार्थी: 330**



डॉ सर्वेश पांडे,
ऑर्थोपेडिक सर्जन, आरएमएल, दिल्ली



डॉ शरद पाण्डे,
न्यूरोसर्जन, आरएमएल, दिल्ली



डॉ निलेश आर. जाधव,
न्यूरोलॉजिस्ट, मैक्स साकेत, दिल्ली



डॉ गुंजन मल्होत्रा,
गायनेकोलॉजिस्ट, आर्मी हॉस्पिटल, दिल्ली



डॉ अभिनव पांडे,
ऑर्थोपेडिक सर्जन, आरएमएल, दिल्ली



डॉ शालू गुप्ता ,
बाल रोग विशेषज्ञ,
लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली



डॉ मोतीलाल नेगी,
जनरल फिजिशियन,
लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली



डॉ मानसी एन. देशमुख,
त्वचा रोग विशेषज्ञ,
अपोलो, दिल्ली



डॉ मनोज गौर,
कार्डियोलॉजिस्ट,
मैक्स साकेत, दिल्ली



डॉ अभिषेक रस्तोगी,
ऑर्थोपेडिक सर्जन,
आरएमएल, दिल्ली



डॉ अभिजीत साहा,
बाल रोग विशेषज्ञ,
कलावती सरन चिल्ड्रन हॉस्पिटल, दिल्ली

# सोसाइटी के चिकित्सालयों द्वारा आयोजित सामुदायिक चिकित्सा शिविर

**6,278 लाभार्थी**

**74 शिविर**



350 सेवा बस्ती, दिल्ली



कलगोठ, पीपलकोटी



पल्ला, पीपलकोटी



नागथात, धर्मावाला




श्रीकालखाल, उत्तरकाशी



फेगू, नारायणकोटी



भागीरथी विद्यालय, हरिद्वार



चमुवा, पेटशाल



दंत स्वास्थ्य जागरूकता शिविर
तुनाल्का, बड़कोट

# सामुदायिक कार्यक्रम

## सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

## "माई पैड (मासिक धर्म स्वच्छता) कार्यक्रम"

संपर्क किए गए गाँव: 176
(हमारे 80% लाभार्थी बोक्सा और जौनसारी जनजातियों के हैं)

| कुल | शुरुआत से | इस तिमाही में |
|---|---|---|
| लाभार्थी | 8,265 | 2,720 |
| वितरित पैकेटस (पैड्स - एक पैकेट में 6) | 39,348 (2,36,088) | 7,200 |

हमारे इस कार्यक्रम से लगभग 3500 महिलाएं नियमित रूप से सेनेटरी पैड का उपयोग कर रही है और मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता का पालन कर रहीं हैं।



फॉलो अप विजिट एवं परामर्श सत्र

## "एनीमिया की रोकथाम, नियंत्रण एवं उपचार कार्यक्रम"



- कुल घरों की विजिट: 2105
  - हीमोग्लोबिन टेस्ट: 1686
  - एनीमिक पाए गए: 1058 (63%)
  - उपचाराधीन लाभार्थी: 890 (84%)
  - कुल फॉलोअप विजिट: 1932



## SVHM चिकित्सालयों में साप्ताहिक बाल गोकुलम (बच्चों का संस्कार कार्यक्रम)



उत्तरकाशी



हरिद्वार




सोसाइटी प्रत्येक रविवार को अपने सभी चिकित्सालयों में बाल गोकुलम का आयोजन करती आ रही है जिसमे आसपास के गांवों के बच्चों में सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को खेलों के माध्यम से विकसित किया जाता है। खेलों के साथ साथ श्रीमद्भगवद गीता के श्लोकों का पाठ, पंचतंत्र कि शिक्षाप्रद कहानियों और योग अभ्यास सम्मिलित हैं।



नारायणकोटी



धर्मावाला



# समारोह

## "विजयादशमी पर्व"



धर्मावाला



बड़कोट



उत्तरकाशी




- विजयादशमी का पर्व पूरे हर्ष व उल्लास और विधि विधान के साथ सोसाइटी के समस्त चिकित्सालयों में मनाया गया।
- कार्यक्रम की शुरुआत परम पूज्य भगवा ध्वज के वंदन के साथ हुई जिसके पश्चात शस्त्र पूजन, एकल गीत और अमृत वचन हुए। अध्यक्षीय आशीर्वचन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



पेटशाल

## "दीपावली महोत्सव "



धर्मावाला

- सोसाइटी के समस्त चिकित्सालयों में दीपावली का उत्सव रंगारंग कार्यक्रमों और परंपरा के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।
- सभी चिकित्सालयों में गेंदे के फूल की मालाओं से व रंग-बिरंगी लाइटों और झालरों से आकर्षक साज सज्जा कि गयी।
- दीपोत्सव में मनोरंजक खेल, लोकगीत गायन, रोचक प्रश्नोत्तरी, सुस्वादु व्यंजन, इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम का समावेश था जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया और कार्यक्रम के अंत में उपहार वितरण के साथ समापन हुआ।



पेटशाल



नारायणकोटी



हरिद्वार



गंगोत्री धाम




दिल्ली




श्री बद्रीनाथ धाम

# आंकड़े


## कुल पंजीकरण




## अन्य सेवाएं




## अल्ट्रासाउंड




| चिकित्सालय | सर्जरी (450) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 246 | 100 |
| हरिद्वार | 41 | 4 |
| नारायणकोटी | 15 | 27 |
| पीपलकोटी | 9 | 1 |
| पेटशाल | 2 | 0 |
| उत्तरकाशी | 0 | 4 |
| बड़कोट | 0 | 1 |
| कुल | 313 | 137 |

सर्जरी में शामिल हैं: सामान्य, महिला रोग, यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी।

| सुविधाएं | धर्मावाला | हरिद्वार | कुल |
|---|---|---|---|
| सी टी स्कैन | 952 | NA | 952 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 128 | 22 | 150 |
| एंडोस्कोपी | 78 | NA | 78 |
| ऑडियोमेट्री | 17 | NA | 17 |
| स्पाईरोमेट्री | 76 | 36 | 112 |
| ईको (ECHO) | 127 | NA | 127 |

उपर्युक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला एवं हरिद्वार चिकित्सालय में उपलब्ध हैं।

| चिकित्सालय | लैब टेस्ट | इमरजेंसी | एक्स – रे | ई सी जी | डेंटल |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 35874 | 1196 | 3800 | 1072 | 1157 |
| उत्तरकाशी | 1561 | 10 | 271 | 35 | 234 |
| नारायणकोटी | 2196 | 211 | 404 | 131 | NA |
| बड़कोट | 894 | 57 | 772 | 56 | 270 |
| पीपलकोटी | 2563 | 176 | 260 | 77 | 68 |
| श्री बद्रीनाथ | 939 | 353 | 92 | 62 | NA |
| पेटशाल | 1145 | 72 | 259 | 26 | 309 |
| श्री केदारनाथ | 510 | 4809 | 719 | 379 | NA |
| हरिद्वार | 11340 | 357 | 697 | 636 | 2010 |
| गंगोत्री | 311 | 276 | 87 | 12 | NA |
| दिल्ली | 1696 | 103 | 142 | 32 | 443 |
| डुमेट | 703 | NA | NA | NA | 1013 |
| कुल | 59,732 | 7,620 | 7,503 | 2,518 | 5,504 |

| 1,04,172 | 450 | 7,620 | 7,503 | 3,425 | 59,732 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स रे | अल्ट्रासाउंड | लैब टेस्ट |

नर सेवा

नारायण सेवा

# हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला




## सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया:

**चार धाम साथी एप्प डाउनलोड करने हेतु स्कैन करें**

**Domestic Donations**
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/C No: 32584491256
IFSC Code: SBIN0010626

**Foreign Donations**
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/c No. - 00000040181017724
IFSC Code- SBIN0000691
MICR - 110002087
Swift Code- SBININBB104

**दान देने के लिए स्कैन करें**

**सभी दान 80G धारा के तहत कर-मुक्त हैं।**

svhmuk@gmail.com   svhmuk.in   facebook.com/svhmu/   instagram.com/svhmuk/
twitter.com/svhmuk/   youtube.com/@swamivivekanandhealthmissi7701

Published by: डॉ अनुज सिंघल, सचिव; On behalf of: स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी; Published at: B-207 पैसिफिक एस्टेट, अनुराग नर्सरी, कांवली रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड-248001; Printed at: सरस्वती प्रेस, 2, ग्रीन पार्क, निरंजनपुर, देहरादून, उत्तराखंड - 248001